हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

# प्रेस विज्ञप्ति

## हस्तशिल्प एक्सपो (आर्टिफैक्ट्स), जोधपुर-2025

भारतीय हस्तशिल्पों के प्रदर्शन के लिए एक भव्य मंच

## हस्तशिल्प निर्माताओं के लिए नए अवसरों का सृजन

स्थानीय वॉल्यूम खरीददारों और मौके पर खुदरा बिक्री की संभावना

### 23 से 26 जनवरी, 2025 तक ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी), बोरानाडा, जोधपुर (राजस्थान) में मेगा हस्तशिल्प प्रदर्शनी (आर्टिफैक्ट्स), जोधपुर-2025 के पहले संस्करण की शुरुआत

**नई दिल्ली/एनसीआर, जोधपुर, राजस्थान, 06 जनवरी, 2025**: एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हस्तशिल्प एक्सपो (आर्टिफैक्ट्स), जोधपुर-2025 का प्रथम संस्करण 23 से 26 जनवरी, 2025 तक जोधपुर के ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी), बोरानाडा में आयोजित किया जाएगा। यह अनोखा आयोजन जोधपुर सहित देश के अन्य हिस्सों के निर्माताओं के उत्पादों का प्रदर्शन करेगा, जिससे भारतीय हस्तशिल्प विरासत का उत्सव मनाने के साथ-साथ व्यापार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।

यह मेला प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सांय 8 बजे तक खुला रहेगा। यह एक बी2सी और बी2बी आयोजन होगा, जो मौके पर बिक्री को प्रोत्साहित करेगा और घरेलू वॉल्यूम खरीददारों को नए अवसर प्रदान करेगा। मेले में खुदरा खरीदारों के साथ-साथ होटल मालिकों, वास्तुकारों, डिजाइनरों, ई-टेलर्स और अन्य कई प्रमुख हस्तियों के आगमन की भी संभावना है। चार दिवसीय इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विविध प्रकार के व्यंजन और खाद्य सामग्री भी उपलब्ध होंगी।

अपनी कला, शिल्पकला, विरासत और पाककला के लिए प्रसिद्ध जोधपुर अब कलात्मक फर्नीचर और जातीय/पारंपरिक हस्तशिल्प का भी एक बड़ा केंद्र है और कलात्मक लकड़ी के फर्नीचर, जीवन शैली के सामान, सजावट, उपहार, धातु के सामान, लकड़ी के सामान आदि के अपने व्यापक-स्पेक्ट्रम रचनात्मक उत्पादों के साथ दुनिया के लगभग सभी देशों को निर्यात कर रहा है, जिससे यह आगंतुकों का पसंदीदा गंतव्य बन गया है।

इस अवसर पर ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने कहा, "हस्तशिल्प एक्सपो (आर्टिफैक्ट्स), जोधपुर-2025 भारतीय हस्तशिल्पों को बढ़ावा देने के ईपीसीएच के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। जोधपुर अपनी अद्वितीय विरासत और बढ़ते आर्थिक अवसरों के कारण इस तरह की परिवर्तनकारी पहल के लिए एक आदर्श मेजबान है।"

ईपीसीएच के महानिदेशक व प्रमुख सलाहकार डॉ. राकेश कुमार ने कहा, "चार दिवसीय यह आयोजन कारीगरों, निर्माताओं और आगंतुकों को सार्थक संवाद का एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। बी2बी और बी2सी अवसरों को संयोजित करके यह एक्सपो प्रदर्शकों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने, अपने नेटवर्क को मजबूत करने और नए विपणन मार्ग तलाशने का अवसर देगा।"

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री नीरज खन्ना ने कहा, "यह एक्सपो हस्तशिल्प क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और विकास को प्रोत्साहित करने के लिए ईपीसीएच की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। परंपरा और आधुनिक बाजार के अवसरों को जोड़कर कारीगरों को आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया जाएगा।"

ईपीसीएच के दूसरे उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता ने कहा, "इस मेले का सांस्कृतिक महत्व भी है। यह केवल एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि जोधपुर के कारीगरों की लगन और कलात्मकता का उत्सव है। यह आयोजन जोधपुर के हस्तशिल्प पारिस्थितिकी तंत्र और इसकी प्रतिष्ठा पर दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा।"

ईपीसीएच की प्रबंधन समिति के सदस्य श्री हंसराज बाहेती ने कहा, "यह मेला निर्माताओं के लिए पहचान प्राप्त करने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने का एक अद्‌भुत अवसर प्रदान करता है। साथ ही यह जोधपुर की अनोखी हस्तशिल्प परंपराओं की मांग को पुनर्जीवित करेगा और भविष्य की पीढ़ियों की रुचि को संरक्षित करने में मदद करेगा।"

ईपीसीएच के प्रमुख सदस्य निर्यातक श्री निर्मल भंडारी ने कहा, "आर्टिफैक्ट्स 2025 में उपभोक्ताओं की भागीदारी से आगंतुकों को उच्च गुणवत्ता वाले हस्तनिर्मित उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रदर्शकों को उपभोक्ताओं की मांग को सीधे समझने और पूरा करने का अवसर मिलेगा।"

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने इस पहल के व्यापक उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा, "ईपीसीएच में हम हस्तशिल्प क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हैं। हस्तशिल्प एक्सपो (आर्टिफैक्ट्स), जोधपुर-2025 इस दृष्टि को दर्शाता है जो जोधपुर की हस्तशिल्प परंपराओं को एक आधुनिक, सतत व्यापार मॉडल में एकीकृत करता है, जिससे सभी हितधारकों को लाभ होगा।"

ईपीसीएच देश से हस्तशिल्पों के निर्यात को बढ़ावा देने और देश के विभिन्न शिल्प समूहों में होम, लाइफस्टाइल, टेक्सटाइल, फर्नीचर, और फैशन जूलरी एवं एक्सेसरीज उत्पादों को बनाने में लगे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड छवि बनाने की एक नोडल संस्थान है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया कि साल 2023-24 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 32,759 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 9.13% और डॉलर के संदर्भ में 6.11% की वृद्धि को हुई और साल 2023-24 में जोधपुर से वुडवेयर का निर्यात 8038.17 करोड़ रुपये का है जो कुल हस्तशिल्प निर्यात का 28.19% है।।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच;
+91-9810697868

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

## Press Release

# Handicrafts Expo (ARTEFACTS), Jodhpur-2025

### A Grand Stage to Showcase Indian Handicrafts

## Redefining Opportunities for Handicrafts Manufacturers

### Domestic Volume and on the spot retail sales await

### Introducing the 1st Edition of Handicrafts Expo (ARTEFACTS), Jodhpur-2025 at Trade Facilitation Centre (TFC), Boranada, Jodhpur (Rajasthan) from 23rd to 26th January, 2025

**New Delhi/ NCR, Jodhpur, Rajasthan 06th January 2025:** The Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) takes pride in announcing the 1st edition of Handicrafts Expo (ARTEFACTS), Jodhpur-2025, to be held from 23rd to 26th January, 2025, at the Trade Facilitation Centre (TFC) in Boranada, Jodhpur. This landmark event is the first of its kind and will have manufacturers from Jodhpur as well as rest of India exhibiting their products thus celebrating Indian handicraft heritage while creating significant business opportunities.

The Fair will be open from 11 AM to 8 PM and would be a B2C/ B2B event, thereby encouraging on the spot sales and also offers opportunities to domestic volume buyers. Apart from retail visitors and domestic volume buyers, hoteliers, architects, designers, e-tailers and many more are also likely to visit the fair. During the four days, there would be varied cultural performances besides a wide range of cuisines and food items on sale, for visitors to enjoy.

Jodhpur, famed for its chivalry, heritage and gastronomy is now also as a big center of artistic furniture and ethnic/traditional handicrafts and is serving almost all countries of the world with its broad-spectrum creative products of artistic wooden furniture, lifestyle accessories, Decoratives, giftware, metalwares, woodwares, etc making it visitors' favourite destination.

Speaking about the event, Shri Dileep Baid, Chairman, EPCH, said, the Handicrafts Expo (ARTEFACTS), Jodhpur-2025 is a significant step in EPCH's mission to promote Indian handicrafts. Jodhpur, with its unmatched legacy and expanding economic potential, is the ideal host for such a transformative initiative.

Dr. Rakesh Kumar, Chief Mentor in role of Director General EPCH & Chairman – IEML shared that the four-day event will provide a robust platform for artisans, manufacturers and visitors to engage in meaningful exchange. By combining Business-to-Business (B2B) and Business-to-Consumer (B2C)

opportunities, the expo will allow exhibitors to showcase their products, strengthen their networks, and explore new marketing avenues.

Shri Neeraj Khanna, Vice Chairman, EPCH, added, this expo is a reflection of EPCH's commitment to driving innovation and fostering growth in the handicrafts sector. Linking tradition and modern market opportunities will empower artisans to excel in today's competitive environment.

Highlighting the cultural significance of the expo, Shri Sagar Mehta, Vice Chairman – II, EPCH, shared that the show is not merely an exhibition; it is a celebration of the dedication and artistry that defines Jodhpur's craftspeople. This event will have a lasting impact on the city's craft ecosystem and its reputation.

Shri Hansraj Baheti, Member, Committee of Administration (CoA), EPCH, said, this fair offers an incredible opportunity for manufacturers to gain recognition and expand their businesses. It would also help rekindle demand for its unique craft traditions and help preserve future generations' interests."

Shri Nirmal Bhandari, Prominent Member Exporter EPCH, shared that at ARTEFACTS' 2025 inclusion of consumer engagement allows visitors the chance to purchase high-quality, handcrafted creations while enabling exhibitors to directly address consumer demand.

Shri R. K. Verma, Executive Director, EPCH, reflected on the broader goals of the initiative, stating, at EPCH, we continue to focus on innovation and excellence within the handicrafts sector. Handicrafts Expo (ARTEFACTS), Jodhpur-2025 exemplifies this vision by integrating Jodhpur's craft traditions into a modern, sustainable business model that benefits all stakeholders.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal organization for promotion of exports of handicrafts from the country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture, and fashion jewellery & accessories in craft clusters of the country. The overall Handicrafts exports during the year 2023-24 was Rs. 32,759 Crores (US $ 3,956 Million). The exports of woodware during the year 2023-24 is 8038.17 Crores with Jodhpur comprising 28.19% in woodware exports informed Shri. R. K. Verma, Executive Director - EPCH.

---

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH
+91-9810679868

Encl: Hindi, English with Photo



## ARTEFACTS

# HANDICRAFTS EXPO- JODHPUR

**23 24 25 26 JAN 2025**

Thursday Friday Saturday Sunday

TRADE FACILITATION CENTRE (TFC ), BORANADA, JODHPUR (RAJASTHAN).

# INVITATION

**EXPLORE THE CRAFTMANSHIP AT**
**1st EDITION OF HANDICRAFTS EXPO-2025**



Exclusive Retail opportunity

**VENUE: TRADE FACILITATION CENTRE** (TFC), Boranada, Jodhpur (Rajasthan).

**EXHIBITORS PROFILE**

The exhibitors of different crafts category will display their wide range of products at the expo



- Furniture & Accessories
- Lamp Lightings & accessories
- Wellness & Spa Accessories
- Architectural Designs & Interiors
- Leather products
- Garden Accessories
- Sustainable products
- Home Furnishings & Textiles
- Home decorative
- Houseware Decorative & Gifts
- Outdoor and indoor products
- Restaurant & Bar accessories
- Home Lifestyle

*"Take exclusive products from our show window to your shop window!"*

For more details kindly contact

**Mr. Naveen Gaur,** Deputy Director **Mob.**9350202198 **Email:** naveen.gaur@epch.com

**Organiser**

EPCH

**Export Promotion Council for Handicrafts**
EPCH House, Pocket 6&7, Sector-C, LSC,
Vasant Kunj, New Delhi-110070
**www.epch.in**

**SPONSORS**

**Platinum Partner** Sustainable Stewardship

**Gold Partner** eurofins Consumer Product Testing